






नवभारत
11
इंदौर, सोमवार, 25 अगस्त, 2025

## एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायल व्यक्ति के गोल्डन ऑवर मे त्वरित उपचार हेतु राहवीर योजना

**मंदसौर।** स्वास्थ्य विभाग मीडिया प्रभारी द्वारा बताया गया कि, सड़क दुर्घटना में पीड़ित घायल व्यक्ति के सही समय पर अस्पताल न पहुंचने के कारण घायल व्यक्ति की मृत्यु तक हो जाती है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने मे आम नागरिकों को यह भय रहता है कि वे भी पुलिस कार्यवाही के भागी बन जायेंगे अर्थात घायल को अस्पताल पहुंचाने की मदद करने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वारा पुछताछ की जायेंगी, जिस कारण आम नागरिक चाहते हुवे भी पुलिस कार्यवाही के भय से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल में ले जाने से कतराते है किन्तु ऐसा नही है। सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायलों को उपचार हेतु अस्पताल लाने वाले राहवीर को राशि 25 हजार रूपये एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। शासन द्वारा सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में त्वरित उपचार कराने के उद्देश्य से गुड सेमेरिटन योजना लागू की गई है ताकि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से पीड़ित को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन स्वरूप राशि प्रदान की जा सकें। इस योजनांतर्गत सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को राहवीर की परिभाषा मे शामिल किया गया है। सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायलों को उपचार हेतु अस्पताल लाने वाले राहवीर को राशि 25 हजार रूपये एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। इस योजना से सड़क दुर्घटना मे गम्भीर घायल व्यक्ति का त्वरित उपचार संभव हो सकेगा वही प्रोत्साहन राशि 25 हजार रूपये के कारण नवयुवा एवं आम आदमी पीड़ित की मदद के लिये तत्पर रहेंगे।

### बिल्लोद छोटा पुल पर पानी से आवागमन बंद राहगीर परेशान

**नाहरगढ।** दो विधान सभा क्षेत्र व दो जिलो को जोडने वाली पुल नाहरगढ बिल्लोद के बीच शिवना नदी है। आवागमन गुरुवार से बंद चालू के बीच लगातार जिले मे बारिश हो रही है कही कम है तो कही अधिक है शनिवार को शाम 7 बजे आवागमन चालू हुआ जो रविवार को सुबह 7 बजे आवागमन बंद हुआ जो समाचार लिखने तक बंद है। ऐसा अनुमान है कि देर रात तक खुलने की सम्भावना है ।दोनो ओर पुलिस टीम, पटवारी , चौकीदार मुस्तैद है साथ ही लोक निर्माण के दैनिक कर्मचारी भी मौके पर उपस्थित थे ।

### अजीतनाथ जैन मंदिर में प्रतिदिन हो रही भगवान की आर्कषक अंगरंचना

**मंदसौर।** नगर के जनुकूपुरा स्थित श्री अजीतनाथ जैन मंदिर में पर्यूष्ण महापर्व के अवसर पर भगवान की विशेष अंगरचना प्रतिदिन की जा रही है। पर्यूषण महापर्व के दौरान श्री अजीतनाथ जैन मंदिर में प्रात- प्रक्षाल पूजा, स्नात्र पूजा, कल्पसूत्र वाचन, शाम को प्रतिक्रमण तत्पश्चात आरती व प्रभु भक्ति सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। इस अवसर पर जनकुपुरा स्थित भगवान श्री अजीतनाथ जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व के दौरान प्रतिदिन आर्कषक अंगरचना की जा रही है पर्व के पांचवें दिन भी भगवान की सुंदर आंगी सजाई गई जिसका दर्शन लाभ सैकडो श्रद्धलुओं ने लिया। प्रतिदिन प्रभु जी की सुंदर आंगी प्रकाश चपरोत, हेमंत सगरावत, अंकुश सगरावत, नमन छिंगावत, मंगलम डोसी, सिद्धी पोरवाल, दर्शन डोसी, साक्षी जैन द्वारा बनाई जा रही है।



### जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर का सीतामऊ दौरा आज

**सीतामऊ।** जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर के नवनियुक्त अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर का 26 अगस्त को सीतामऊ नगर में प्रथम आगमन होगा। इस अवसर पर वे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीतामऊ के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में ब्लॉक के सभी कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक लेंगे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश चंद्र रावटी ने बताया कि बैठक पोरवाल मांगलिक भवन में दोपहर 2 बजे से आयोजित की जाएगी, जिसमें गुर्जर कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे।

## संयुक्त संघर्ष मोर्चा मंडी बोर्ड की बैठक में लिए कई निर्णय

नवभारत न्यूज

**मंदसौर। रविवार को संयुक्त संघर्ष मोर्चा मध्य प्रदेश मंडी बोर्ड भोपाल की जिला कार्यकारिणी एवं सदस्यों की बैठक मंडी सभागृह में मोर्चा के सलाहकार अतुल पंड्या की अध्यक्षता में संपन्न हुई।**



बैठक में मंडी सचिव मंदसौर श्री पर्वतसिंह सिसोदिया ने मंदसौर जिले की ओर से अतुल पंड्या का स्वागत किया एवं जिला कार्यकारिणी की ओर से मोर्चे में की जा रही कार्यवाही की जानकारी दी। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष श्री हीरालाल (डायमंड) मालवीय ने मंडी में कार्यरत अधिकारीयों, कर्मचारीयो एवं सुरक्षा गार्ड्स के संबंध में वर्तमान में आने वाली परेशानियां, वेतन विसंगतियां, पदोन्नति, पेंशन संबंधी मामले से अवगत कराया एवं जिले की मंडियों में स्टाफ की अत्यधिक कमी को मुख्य परेशानी बताया तथा अवगत कराया कि जिले की सभी मंडियों मे स्टाफ की कमी के कारण किसानों को दी जाने वाली सुविधाए प्रभावित होती है जिसके सुधार हेतु स्टाफ की पूर्ति की जाना अति आवश्यक है। अतुल पंड्या ने विस्तार से संयुक्त संघर्ष मोर्चा के उद्देश्यों और विजन से सभी को अवगत कराया। पंड्या के द्वारा उज्जैन में एक कार्यालय सभी कर्मचारियों के लिए खोला गया है जिसमें सारी सुविधाएं हैं सभी कर्मचारियों का आवाहन किया कि वह आए अपनी समस्याए रखें। पंड्या ने जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव एवं संपूर्ण जिला कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामना दी।

> पंड्या ने यह भी कहा कि मंदसौर एवं नीमच उनके सबसे पसंदीदा जिले रहे है। बैठक में शैलेंद्र सिंह झाला, वीरेंद्र प्रजापत, रंगलाल डामोर, प्रवीण पाठक, निखिल शर्मा, जगदीश चौहान, लक्ष्मण मेघवाल जयभान, हीरालाल जोगचंद, उमेश परिहार, विकास नाथ, धर्मेंद्र सिंह, वीरम सिंह, महेश कुमावत, फरहान, हरीश कुमार, ख्यालीराम, राहुल दास, किशोर मेहर उपस्थित रहे। अंत में आभार गजराज सिंह चुंडावत ने माना।

## प्रतिभा प्रोत्साहन योजना का लाभ हेतु 25 सितम्बर तक करें आवेदन

**मंदसौर।** जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग मंदसौर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिभा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 एवं वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के वे विद्यार्थी, जिन्होंने योजना अंतर्गत शासकीय संस्थाओं में प्रवेश लिया है, वे इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए विद्यार्थियों को MPTAASC Portal पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 सितम्बर 2025 निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि यह योजना विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उन्हें उच्च शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है.



## खैर लकड़ी से भरी पिकअप जब्त

▶ गरोठ क्षेत्र में वन माफियाओं के खिलाफ सख्ती जारी

**गरोठ। क्षेत्र में वन माफियाओं और पर्यावरण के दुश्मनों पर वन विभाग की लगातार कार्रवाई जारी है। शनिवार देर रात मुखबिर की सूचना पर गरोठ वन अमले ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खैर की लकड़ियों से भरी एक पिकअप वाहन को जब्त किया।**

सूचना के बाद गरोठ परिक्षेत्र अधिकारी के नेतृत्व में वन अमले ने गश्त तेज की। इस दौरान संदिग्ध पिकअप का पीछा किया गया। खुद को घिरता देख आरोपी वाहन को गरोठ-भानपुरा रोड पर छोड़कर खेतों की ओर भाग निकले।

वाहन की तलाशी में करीब 30 क्विंटल अवैध खैर लकड़ी बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख बताई जा रही है। जब्त पिकअप वाहन की कीमत करीब 5 लाख आंकी गई है।वन विभाग द्वारा प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि वन माफियाओं के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के नवीन आवेदन लेने की प्रक्रिया पूर्णत : बंद है

**मंदसौर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास बी. एल. विश्नाई द्वारा बताया गया कि मंदसौर जिले मे विगत दिनों से कुछ संगठन, यूनियन एवं अन्य लोगो द्वारा गांव एवं शहरों की माता एवं बहनों से लाड़ली बहना योजना के नवीन आवेदन फार्म भरवाने के नाम पर अवैध वसूली किये जाने की सूचना प्राप्त हुई है। तथा फार्म भरने के आवेदन तैयार कर उनको भ्रमित किया जा रहा है। वर्तमान में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के नवीन पंजीयन आवेदन लेने की प्रक्रिया पूर्णत: बंद है, इस योजना के तहत नवीन पंजीयन नही हो रहे है।यदि किसी व्यक्ति या बेनाम संगठन या यूनियन द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के संबंध में कोई भ्रामक जानकारी दी जाती है या अवैध वसूली किये जाने का प्रयास किया जाता है, ।



## खेड़ापति बालाजी मंदिर समिति की बैठक

नवभारत न्यूज

**गरोठ। लंबे समय बाद बोलेरिया रोड स्थित प्राचीन एवं चमत्कारी खेड़ापति बालाजी मंदिर परिसर में मंदिर निर्माण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में धर्मशाला निर्माण कार्य को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।**

बैठक में पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह चौहान ने ?2 लाख 51 हजार की राशि देने की घोषणा की। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया ने नगर परिषद की ओर से ?5 लाख का कार्य करवाने की घोषणा की। विधायक चंद्रसिंह सिसोदिया ने बोलेरिया रोड से मंदिर परिसर तक सीसी रोड बनाने की घोषणा की। इसके अलावा मंडल अध्यक्ष गोकुल सिंह चौहान ने ?21 हजार तथा खाती समाज अध्यक्ष ने ?11 हजार की घोषणा की।

धर्मशाला निर्माण से आने वाले समय में श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी और सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया, मंडल अध्यक्ष गोकुल सिंह चौहान, उपाध्यक्ष महेश मालवीय, गोपाल सिंह सिसोदिया, जगदीश अग्रवाल, राजेश चौधरी, गोपाल कोटवाल, पार्षद राजू मगर सहित वरिष्ठजन एवं मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**एक नजर** — शिवना शुद्धिकरण अभियान के 59 वें दिन भी चला विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में सफाई अभियान 1 ट्राली गाजर घांस व कचरा निकाला

## शिवना नदी को प्रदूषण मुक्त रखने की हम सब की जिम्मेदारी : विधायक

**मन्दसौर। शिवना प्रदूषण मुक्ति अभियान के 59 वे दिन श्रमदानियो द्वारा शिवना तट पर कोर्ट रोड की तरफ रोड के आस पास जगह-जगह फैले कचरे व गाजर घांस को साफ कर स्वच्छ स्वरूप प्रदान किया गया। श्रमदानियों द्वारा श्रमदान कर 1 ट्राली प्लास्टिक कचरा, गाजर घांस निकाली ।** 1 मई से निरंतर चल रहे लोकप्रिय मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन के आह्वान पर रविवार को शिवना शुद्धिकरण के 59 वे दिन भी श्रमदानियों ने दो घंटा पसीना बहा कर श्रमदान किया।



इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि शिवना नदी को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी हर मंदसौर वासी की जिम्मेदारी है इसे हम सब को निभानी चाहिए । यह जिम्मेदारी हमें पूरे साल भर निभानी चाहिए। जैन ने आगे कहा कि शिवना को प्रदूषण मुक्त और स्वच्छ बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे निरंतर जारी रहेगा । में आम नागरिकों से अपील करता हूं कि प्लास्टिक की थैलियां व कचरा शिवना नदी में न डालें । जैन ने सभी मंदसौर वासियों से आहवान किया कि शिवना शुद्धिकरण अभियान में प्रति रविवार को प्रात: 7 से 9 बजे के बीच श्रमदान करने जरूर पधारे । रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान के 59 वे दिन श्रमदान करने वालों में सर्वश्री विधायक विपिन जैन, समाज सेवियों में सर्वश्री हेमराज खाबिया, बी. एल. बामनिया, भंवरलाल प्रजापत ,रमेश सोनी, विजय आनंद, राकेश जैन पिंटू , रक्त सेवा गौ सेवा फाउंडेशन के रामनारायण मालवीय, नागेश्वर मालवीय नरेंद्र भाटी, अमलावद गांव से कैलाश कुमावत, इंद्रेश कुमावत भगत, महिपाल सिंह परिहार, राकोदा गांव से मूलचंद पाटीदार, मुकेश पाटीदार ,धमनार गांव से सोहन लाल धाकड़, महिला नेत्रीयों में अनीता भदोरिया मीना चौहान, प्रमिला पंवार, वर्षा धोसरिया, भागवन्ती बामनिया।



## एक नजर में

### शिफ्ट डिजायर कार में 40 किलोग्राम डोडाचूरा सहित 1 आरोपी पकड़ाया

**नीमच।** थाना प्रभारी जावद निरीक्षक श्री जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में चौकी प्रभारी नयागॉव मंगलसिंह राठौड की टीम के द्वारा एक मारुति सुजुकी कम्पनी की स्विफ्ट डिज़ायर कार कार में कुल 40 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा सहित 01 आरोपियों को पकडने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 23.08.2025 को रेलवे फाटक के पास नीमच निम्बाहेड़ा हाईवे रोड पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान एक मारुति सुजुकी कम्पनी की शिफ्ट डिजायर कार क्रमांक ।।त्र26-क्र्-8162 में 02 काले रंग के कट्टो में भरा 40 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा को एनडीपीएस एक्ट के अज्ञापक प्रावधानों का पालन करते हुए जप्त कर कार चालक कृपाल सिंह पिता भरत सिंह जांगड़ा उम्र 29 साल निवासी ग्राम खैराती खेडा थाना फतेहाबाद जिला फतेहाबाद हरियाणा को मौके से गिरफ्तार कर गिरफ्तारशुदा आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में अनुसंधान जारी है ।



### नगर में धूमधाम से निकाली तेजाजी महाराज की झंडी



**सिंगोली।** प्रतिवर्षानुसार शनिवार देर रात तेजाजी महाराज की झंडी नगर में बड़े धूमधाम से निकाली गई। तेजा दशमी के दीन पूर्व अमावस्या को तेजाजी महाराज मंदिर से वीर तेजाजी महाराज के श्रद्धालुओं द्वारा झण्डी निकाली जाती है। नगर में तेजाजी महाराज मंदिर से सत्यवीर तेजाजी की झण्डी शनिवार सायं 7 बजे डीजे के साथ धूमधाम से नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकाली गई। जिसमें तेजाजी महाराज के भजनों की धुन पर बड़ी संख्या में महिला व पुरूष नाचते गाते अपने आराध्य देव का गुणगान करते चल रहे थे।

इस दौरान तेजाजी की झंडी का नगर में जगह जगह नगर वासियों द्वारा स्वागत किया गया। तेजाजी की झंडी तेजाजी महाराज मंदिर से प्रारंभ होकर, चौधरी मोहल्ला, तेजाजी मार्ग, अहिंसा पथ, बापू बाजार, विवेकानंद बाजार, पुराना बस स्टैंड, तिलस्वां चौराहा होते हुए नगर भ्रमण कर पुन: तेजाजी मंदिर पहुंची जहाँ पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण कर समापन किया गया।

### रेडक्रास चेयरमेन पद को लेकर मुकेश पोरवाल करेंगे नामांकन दाखिल

**नीमच।** 25 अगस्त को रेडक्रास के चुनाव होने है ऐसे में चुनाव को लेकर सरगर्मिया तेज हो गई है। जैसे जैसे तारीख नजदीक आ रही है वैसे वैसे माहौल गरमा रहा है। पीड़ित मानवता की सेवार्थ कार्य करने वाली रेडक्रास के चुनाव को लेकर अब दावेदारी करने के इच्छुक कई व्यक्ति सामने आ रहे है। पोरवाल समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व स्वास्थ्य सभापति नगर पालिका , पूर्व सदस्य दुरसंचार विभाग मन्दसौर नीमच, पूर्व पार्षद व वर्तमान पार्षद प्रतिनिधि मुकेश पोरवाल रेडक्रास चेयरमेन के लिये दावेदारी कर रहे है। इसके लिये उन्होंने तैयारियां आरंभ कर दी है।

## श्री महावीर जन्म वाचन, सुबह मंदिरों में पूजन दोपहर में बैंड बाजा के साथ निकाली शोभायात्रा

▶ त्रिशला नंदन वीर की जय बोलो महावीर की, भगवान का जन्म होते ही भक्तों ने लगाया जयकारे

**नीमच। श्री महावीर जन्म वाचन को लेकर सुबह से ही नगर महावीर मय हो गया भीडभंजन पार्श्वनाथ मंदिर पुस्तक बाजार, जैन भवन महावीर जिनालय विकास नगर, सुमती नाथ जिनालय दादावाड़ी, पद्मावती धाम शक्ति नगर,**



नीमच सिटी , इन्दिरा नगर जैन भवन आदि स्थानों पर महावीर जन्म वाचन मनाया गया। सभी स्थानों पर 14 सपना के धार्मिक चढ़ावे की बोलियां लगाई गई।

हाथों से केसर के छापे लगाए गए और महावीर जन्म की बधाई का आदान-प्रदान किया गया। श्रीफल फोड़कर प्रसाद वितरण कर एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर प्रसन्नता का व्यक्त की गई। भगवान का जन्म होते ही भक्तों ने त्रिशला नंदन वीर की जय बोलो महावीर की जय जय कार जय जयकार जैन धर्म की जय जयकार की जय घोष लगाई। दोपहर में कल्पसूत्र पालना जुलूस जैन भवन से प्रारंभ हुआ जो बंगला नंबर 58 स्थित प्रमोद कुमार, पवन कुमार अमन कुमार मेहता के निवास पर पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों में परिवर्तित हो गया। जुलूस में जय बोलो महावीर स्वामी की घट-घट के अंतर्यामी की स्वर लहरिया बिखर रही थी।

> कार्यक्रम में ट्रस्ट अध्यक्ष अनिल नागौरी ,सचिव मनीष कोठारी, मनोहर सिंह लोढ़ा ,वीरेंद्र सिंह लोढ़ा, अखे सिंह कोठारी मनोहर कोठारी, राजेश मानव सहित बड़ी संख्या में समाजजन सहभागी बने।इस अवसर पर विभिन्न तपस्वियों की अनुमोदना तपस्वी अमर रहे ... तपस्या करने वाले को धन्यवाद ...हर्ष हर्ष जय जय की जय घोष से की गई। इस अवसर पर आचार्य श्री विजय प्रशमेश प्रभ सूरीश्वर मसा एवं मुनिराज श्री नीति प्रभ विजय मसा आदि ठाणा 2 एवं साध्वी श्रुतवर्धन मसा एवं साध्वी विरति प्रिया मसा आदि ठाणा 9 के सानिध्य में पर्वाधिराज पर्व मनाया गया।

### एसडीएम कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध

**नीमच।** रेडक्रॉस नीमच की सहायक प्रशासक डिप्टी कलेक्टर सुश्री मयूरी जोक ने बताया कि25अगस्त2025 सोमवार को प्रात: 11.00 बजे रेडकास भवन नीमच में रेडकास वार्षिक साधारण सभा की बैठक एवं प्रबंध समिति के निर्वाचन होना है। सुश्री जोक ने रेडक्रास के सभी 2887 आजीवन सदस्यों से अपील की है कि रेडकास के सूचना पटल एवं एसडीएम कार्यालय के सूचना पटल पर आजीवन सदस्यों की सूची चस्पा की गई है। उन्होंने सभी आजीवन सदस्यों से 25 अगस्त को होने वाले रेड क्रॉस के निर्वाचन की प्रक्रिया में भाग लेने का अनुरोध किया है।

### जिले में अब तक औसत 897.8 मि.मी. वर्षा दर्ज

**नीमच।** जिले में चालू वर्षाकाल में अब तक औसत 897.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इस अवधि में औसत 686 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी। नीमच जिले की सामान्य औसत वर्षा 812.6 मि.मी. है। अधीक्षक भू-अभिलेख नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में एक जून से इस वर्ष अब तक नीमच में 805.5 मि.मी., जावद में 873 मि.मी., सिंगोली में 1136 मि.मी. एवं मनासा में 777 मि.मी.।



## आगामी त्यौहारों के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने कैमरों के माध्यम से निगरानी

▶ त्यौहारो को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें-एस.पी. श्री जायसवाल

**नीमच।** पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा आगामी गणपति स्थापना, डोल ग्यारस, ईद ए मिलाद उन नबी, अनंत चतुर्दशी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुये जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों की बैठक ली जाकर अपने अपने थाना क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाये रखने, शांति समिति की बैठकों एवं जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन करने, पुलिस बल की ब्रिफिंग, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल का फ्लैग मार्च निकालने एवं सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी करने संबंधी निर्देश दिये गये है।पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देषों के पालन में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकों आयोजन कर आगामी गणपति स्थापना, डोल ग्यारस, ईद ए मिलाद उन नबी, अनंत चतुर्दशी त्यौहार आदि शांति पूर्वक मनाए।




## जोड़ प्रत्यारोपण एवं हड्डी रोग जागरूकता शिविर

**नीमच। रोटरी क्लब मनासा एवं अपोलो हॉस्पिटल इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में जोड़ प्रत्यारोपण एवं हड्डी रोग जागरूकता शिविर का आयोजन रविवार को मजेजी नर्सिंग होम मनासा में किया गया। सुबह से ही अस्थि एवं जॉइंट रोगों से पीड़ित मरीजों का पंजीयन प्रारंभ हुआ।** अपोलो हॉस्पिटल इंदौर के शिविर कोऑर्डिनेटर एवं सीनियर मैनेजर कमलेश पांडेय ने सभी मरीजों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी मार्गदर्शन दिया तथा जीवन में स्वयं डॉक्टर बनने की बजाय विशेषज्ञ से परामर्श लेने की सलाह दी। शिविर में जांच, एक्स-रे एवं मार्गदर्शन नि:शुल्क उपलब्ध कराया गया।शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती व रोटरी जनक पाल पी हैरिस की पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर डॉ. महेश मजेजी, अपोलो हॉस्पिटल इंदौर से डॉ. सुनील राजन (सीनियर कंसल्टेंट, रोबोटिक टीम इंदौर), डॉ. अंकित सोलंकी(एम.एस.), डॉ. श्रद्धा चौहान, डॉ. अजय भारती एवं डॉ. लक्ष्य (एम.एस.) विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में रोटरी क्लब अध्यक्ष निरंजन बसेर, सचिव नरेश वधवा, रोटेरियन सदस्य मनोज गांधी,आदि थे।

**एक नजर** — सायबर सेल नीमच एवं पुलिस थाना जीरन की संयुक्त कार्रवाई

## ग्राम केरी में फायरिंग मामले में 10 हजार रूपए का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**नीमच। सायबर सेल एवं पुलिस थाना जीरन की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पुलिस थाना जीरन के अपराध क्रमांक 198/2025 धारा 109,333,324(4),3(5) बीएनएस में 10 हजार रूपयें के फरार ईनामी आरोपी कारूलाल पिता शांतिलाल मीणा निवासी अमावली मोड़ थाना धोलापानी जिला प्रतापगढ़ को गिरफ्तार करनें में सफलता प्राप्त की गई है।**



घटना का संक्षिप्त विवरण - दिनांक 03.07.2025 को फरियादी दशरथ सिंह पिता बापुसिंह सौधिंया निवासी केरी द्वारा थाना जीरन उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि दिनांक 03.07.2025 को रात्रि 12:30 बजे मुखबिरी की रंजीश की शंका को लेकर सुनील मीणा पिता कालुराम मीणा एवं उसके भाई ओमप्रकाश उर्फ गुड्डा पिता कालुराम मीणा, घनश्याम पिता कालुराम मीणा व उसके साथी के साथ आया व मेरे घर के सामने आकर मुझे जान से मारने की नियत से मेरे उपर फायरिंग की, मै दौड़कर अपने घर में घुसा तो सुनील के साथी ने गाड़ी उलटी दिशा मे तेज चलाकर मेरे घर के गेट पर टक्कर मार दी जिससे मेरे घर का गेट टुट गया, इसके बाद सुनील ओर उसका भाई ओमप्रकाश उर्फ गुड्डा दोनो मेरे घर के अंदर घुस आये, दोनो के हाथ में कट्टे थे दोनो मिलकर मेरे व मेरे परिवार के लोगो पर हत्या करने के ईरादे से कट्टो से फायरिंग करने लगे। रिपोर्ट पर से थाना जीरन पर अपराध क्रमांक 198/2025 धारा 109,333,324(4),3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।